nt>
Title: Need to ensure early completion of Amrahat Pump Canal - Phase II in Kanpur Dehat, U.P.-Laid

श्रीमती कमल रानी (घाटमपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमराहट पम्प कैनाल, जिला कानपुर देहात के द्वितीय चरण के कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है और केन्द्र सरकार से इस कार्य को पूरा कराए जाने के लिए धनराशि का आवंटन भी हो चुका है, किन्तु अभी तक इसके दूसरे चरण के कार्य को प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसकी वजह से स्थानीय किसानों को सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

अमराहट पम्प कैनाल के द्वितीय चरण के कार्य में अनावश्यक रूप से विलम्ब होने के कारण स्थानीय किसानों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके द्वितीय चरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तुरन्त पूरा कराया जाना जनहित में परम आवश्यक है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह अमराहट पम्प कैनाल के द्वितीय चरण के कार्य को अविलम्ब पूरा कराए जाने हेतु कारगर कदम उठाएं।

धन्यवाद।